Toppersnotes
Unleash the topper in you

# राजस्थान

# वनरक्षक - वनपाल

**Rajasthan Subordinate & Ministerial Services Selection Board**

भाग – 2

## राजस्थान सामान्य ज्ञान एवं तार्किक अभियोग्यता

SIERRA INNOVATIONS

# विषय सूची

## रीजनिंग


| | |
|---|---|
| 1. सादृश्यता | 1 |
| 2. वर्गीकरण | 10 |
| 3. कूट भाषा परिक्षण | 15 |
| 4. दिशा और दूरी | 23 |
| 5. रक्त संबन्ध | 29 |
| 6. गणितीय संक्रियाएँ | 36 |
| 7. क्रम – व्यवस्था | 40 |
| 8. श्रृंखला | 44 |
| 9. लुप्त पदों का भरना | 49 |
| 10. वेन आरेख | 52 |
| 11. आकृति निर्माण | 58 |
| 12. आकृति पूर्ति | 63 |
| 13. सन्निहित आकृतियाँ | 65 |
| 14. कागज मोडना एवं काटना | 68 |
| 15. घडी | 72 |
| 16. कैलेण्डर | 79 |
| 17. दर्पण प्रतिविम्ब | 83 |
| 18. जल प्रतिविम्ब | 85 |


## गणित


| | |
|---|---|
| 1. संख्या पद्धति | 89 |
| 2. महत्तम समापर्वतक एवं लघुत्तम समापवर्त्य | 94 |
| 3. सरलीकरण | 100 |
| 4. औसत | 104 |
| 5. प्रतिशतता | 106 |
| 6. लाभ – हानि | 110 |
| 7. अनुपात – समानुपात | 114 |
| 8. कार्य और समय | 120 |
| 9. चाल, समय, दूरी | 128 |
| 10. साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज | 134 |
| 11. क्षेत्रमिति | 140 |

## राजस्थान का इतिहास

1. प्राचीन राजस्थान का इतिहास – परिचय 151
   • प्राचीन सभ्याताएँ, महाजनपद काल, मौर्य, गुप्त काल
2. मध्यकालीन राजस्थान का इतिहास 158
   • प्रमुख राजवंश एवं उनकी विशेषताएँ
3. आधुनिक राजस्थान का इतिहास 193
   • 1857 की क्रान्ति
   • प्रजामण्डल आन्दोलन
   • किसान एवं जनजातीय आन्दोलन
   • राजस्थान का एकीकरण
4. राजस्थान की कला एवं संस्कृति 205
   • राजस्थान के त्यौहार एवं मेले
   • लोकदेवता
   • लोकदेवीयाँ
   • लोकसन्त एवं सम्प्रदाय
   • लोकगीत
   • लोक गायन की शैलियाँ
   • संगीत घराने
   • लोक नृत्य
   • जनजातियाँ
   • राजस्थान की चित्रकला
   • प्रमुख हस्तकलाएँ
   • राजस्थानी भाषा एवं साहित्य
   • साहित्य के प्रकार
5. राजस्थान की स्थापत्य कला 242
   • किले एवं स्मारक
   • धार्मिक स्थल
   • मूर्तिकला
6. राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व 252
7. राजस्थान आभूषण, वेशभूषा, खानपान 256

# राजस्थान का भूगोल


| | | |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान की उत्पत्ति, विस्तार एवं आकार | 259 |
| 2. | राजस्थान के भौतिक प्रदेश | 263 |
| 3. | राजस्थान का अपवाह तन्त्र | 272 |
| 4. | राजस्थान की प्रमुख झील | 279 |
| 5. | राजस्थान की जलवायु | 282 |
| 6. | राजस्थान में मृदा संसाधन | 287 |
| 7. | राजस्थान में वन संसाधन एवं वनस्पति | 291 |
| 8. | राजस्थान में खनिज सम्पदा | 294 |
| 9. | राजस्थान ऊर्जा स्रोत | 301 |
| 10. | राजस्थान में पशुधन | 308 |
| 11. | राजस्थान में कृषि | 312 |
| 12. | जनसंख्या | 320 |
| 13. | राजस्थान वन्यजीव एवं संरक्षण | 323 |
| 14. | राजस्थान में उद्योग | 327 |

# सादृश्यता (ANALOGY)

किसी वस्तु, शब्द, अक्षर, संख्या के किसी अन्य वस्तु, शब्द, अक्षर, संख्या से गुण, रूप, आकार, प्रकार, लक्षण आदि में किसी भी प्रकार से सम्बन्ध या समानता को सादृश्यता या समरूपता कहा जाता है

सादृश्यता के अन्तर्गत सामान्यतः इस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते है ।

प्रकार 1 – हिन्दी शब्द सादृश्यता :-

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में दिए गए हिन्दी शब्दो के सम्बन्ध पर विचार करते हुए दिए गए उत्तर विकल्पों में से एक ऐसे शब्द को ज्ञात करना होता है, जिसका सम्बन्ध दिए गए शब्दों या तीसरे शब्द के साथ स्थापित हो सके ।

(i) समरूप शब्द ज्ञात करना :- इसके अन्तर्गत पूछे गए प्रश्नों में दिए गए दो शब्दो के सम्बन्ध पर विचार करते हुए उत्तर विकल्पों में से ऐसे शब्द को ज्ञात करना होता है, जिसका सम्बन्ध दिए गए तीसरे शब्द के साथ स्थापित होता है ।

उदाहरण – 1 :- दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द को चुनिए ।

नदी : धारा : महासागर : ?

(A) प्रवाह (B) तालाब
(C) बाँध (D) समुद्र
Ans – (A) प्रवाह

हल:- जिस प्रकार नदी के पानी से धारा उत्पन्न होती है, उसी प्रकार महासागर के पानी से प्रवाह उत्पन्न होता है ।

उदाहरण – 2 :- जिस प्रकार कोलम्बो, श्रीलंका से सम्बन्धित है, उसी प्रकार काठमाण्डू किससे सम्बन्धित है ?

(A) तिब्बत (B) भारत
(C) भूटान (D) नेपाल

Ans. (D) नेपाल

हल:- जिस प्रकार कोलम्बो, श्रीलंका की राजधानी है, उसी प्रकार, काठमाण्डु नेपाल की राजधानी है ।

(ii) समरूप युग्म ज्ञात करना :- इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में दो शब्द दिए होते है, जो कि आपस में किसी प्रकार से सम्बन्धित होते है । ठीक इसी प्रकार का सम्बन्ध नीचे दिए गए विकल्पों में से किसी एक विकल्प में भी होता है

उदाहरण – 3 :- दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द – युग्म को चुनिए ।

उद्देशिका : संविधान :: ? : ?

(A) शब्द : शब्दकोश
(B) विषय-वस्तु : पत्रिका
(C) स्पष्टीकरण : कविता
(D) प्रस्तावना : पुस्तक
Ans. (D)

हल :- जिस प्रकार, संविधान की उद्देशिका होती है, ठीक उसी प्रकार पुस्तक की प्रस्तावना होती है ।

(iii) शब्दों के समरूप शब्द तथा समरूप शब्दों के लिए विशेष वर्ग चुनना

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में कुछ शब्द दिए होते है । आपको दिए गए विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनना होता है जो ठीक वैसा ही हो जैसे की आरम्भ में दिए गए शब्द है और वह शब्द ज्ञात करना होता है जो प्रश्न में दिए गए शब्दों के बीच विशेषता दर्शाता है ।

उदाहरण – 4 :- कौन वैसा ही है जैसे – भूकम्प, चक्रवात, ज्वालामुखी विस्फोट

(A) वैश्विक ऊष्मा (B) बाढ
(C) दुर्घटनाएँ (D) परमाणु विस्फोट
Ans. (B) बाढ

हल: जिस प्रकार भूकम्प, चक्रवात एवं ज्वालामुखी विस्फोट प्राकृतिक आपदाएँ है । उसी प्रकार बाढ भी एक प्राकृतिक आपदा है ।

उदाहरण – 5 :- नीचे तीन शब्द दिए हैं, जिनमें कुछ सामान्य विशेषता है, सही विकल्प को चुनिए ।

साँप, छिपकली, मगरमच्छ

(A) सरीसृप (B) स्तनधारी
(C) सर्वाधारी (D) हिरण
Ans. (A)

हलः– साँप, छिपकली और मगरमच्छ तीनो सरीसृप है।

उदाहरण – 6 :– वह विकल्प ज्ञात कीजिए, जिसमें वही सम्बन्ध हो, जो नीचे दिए गए तीनों शब्दो में है।

राजा, रानी, महल

(A) कबूतर, चिडिया, औषधालय
(B) बकरा, बकरी, किला
(C) भौंरा, मकडी, जल
(D) शेर, शेरनी, गुफा
Ans. (D)

हल :– जिस प्रकार, राजा – रानी दोनों साथ में महल में निवास करते हैं, उसी प्रकार शेर और शेरनी दोनों साथ में गुफा में निवास करते है ।

(iv) दोहरी समरूपता :–

इसके अन्तर्गत प्रश्न में चिन्ह (::) के बाई ओर एवं दाई ओर दो – दो शब्द दिए गए होते हैं । दोनों ओर के शब्दों में एक-एक शब्द लुप्त रहता हैं ।

लुप्त शब्द को नीचे दिए विकल्पों में से ज्ञात करना होता हैं ।

उदाहरण – 7 :– निम्न प्रश्न में लुप्त शब्द को नीचे दिए गए विकल्प में से ज्ञात करें

A : भद्दा :: शान्ति : B

(A) A : शांति, B-युद्ध
(B) A – मित्रता, B – शोर
(C) A – ईमानदारी, B – सन्धि
(D) A & संख्या, B – हडताल
Ans. (A)

हलः– जिस प्रकार, सुन्दर और भद्दा एक दुसरे के विपरीतार्थक शब्द हैं । उसी प्रकार, शान्ति और युद्ध भी एक दुसरे के विपरीतार्थक शब्द हैं ।

प्रकार – 2 अंग्रेजी अक्षर सादृश्यता :–

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्न, अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों या अक्षर समूहों पर आधारित होते हैं । इन प्रश्नों में दिए गए प्रथम दो अक्षर – समूहो के सम्बन्ध को ज्ञात करके इसी आधार पर तीसरें अक्षर – समूह के लिए सही उत्तर को विकल्पों में से ज्ञात करना होता हैं ।

अंग्रेजी अक्षर तथा उनकी संगत संख्याएँ :–

| अंग्रेजी अक्षर | A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K | L | M |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संगत संख्या | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |

| अंग्रेजी अक्षर | N | O | P | Q | R | S | T | U | V | W | X | Y | Z |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संगत संख्या | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |

अंग्रेजी अक्षर के स्वर और व्यंजन अक्षर :–

स्वर अक्षर - A, E, I, O, U

व्यंजन अक्षर - B, C, D, F, G, H, J, K, L, M, N, O, P, Q, R, S, T, V, W, X, Y, Z

उदाहरण – 8

CHAIR : RIAHC :: TABLE : ?

(A) BLAET (B) ETABL
(C) LETAB (D) ELBAT
Ans. (D)

हलः– जिस प्रकार

CHAIR ⟶ RIAHC

उसी प्रकार

TABLE ⟶ ELBAT

Toppersnotes Unleash the topper in you

उदाहरण – 9

HORSE : SERHO :: CURSE : ?

(A) RCUES (B) SECRU
(C) SERCU (D) ERCUS

Ans. (C)

हल :-







उदाहरण – 10

EGH : IJK :: NPQ : ?

(A) PRS (B) RSU
(C) RTU (D) RST

Ans. (D)

हल :-




प्रकार – 3 अंग्रेजी शब्द सादृश्यता :-

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्न अंग्रेजी शब्दों पर आधारित होते है । इन प्रश्नों में दिए गए प्रथम दो शब्दो के सम्बन्धों को ज्ञात करके इसी आधार पर तीसरे शब्द के लिए सही उत्तर विकल्पों में से ज्ञात करते हैं ।

(i) सम्बन्धित शब्द ज्ञात करना

उदाहरण – II :- निम्न प्रश्न में उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी तरह सम्बन्धित है जिस प्रकार दुसरा पद पहले पद से सम्बन्धित है ।

Shallow : Profound :: Synonym : ?

(A) Context (B) Antonym
(C) Meaning (D) Content

Ans. (B)

हल : – जिस प्रकार Shallo का विपरीतार्थक शब्द Profound होता है, उसी प्रकार, Synonym का विपरीतार्थक शब्द Antonym है ।

(ii) शब्द युग्म के समरूप शब्द युग्म ज्ञात करना :-

उदाहरण – 12 :- निम्नलिखित में से शब्दों का कौन-सा युग्म वैसा ही सम्बन्ध दर्शाता है । जिस प्रकार का सम्बन्ध Fan : Heat के बीच है ?

(A) Water : Drink
(B) Food : Hunger
(C) Light : Night
(D) Air : Breath

Ans. (B)

हल :- जब गर्मी (Heat) होती है, तब पंखा (Fan) चलाया जाता है, उसी प्रकार भूख (Hunger) लगने पर भोजन (Food) किया जाता हैं ।

प्रकार – 4 – संख्या सादृश्यता :-

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में संख्याओं के क्रम, संख्याओं के वर्गो के क्रम, अभाज्य संख्याओं के क्रम आदि पर आधारित प्रश्न पुछे जाते है, दुसरे शब्दो में

इसके अन्तर्गत पुछे जाने वाले प्रश्न गणितीय संक्रियाओं पर आधारित होते हैं ।

उदाहरण – 13 :– उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी प्रकार सम्बन्धित है जिस प्रकार दूसरा पद, पहले पद से सम्बन्धित हैं ।

23 : 69 : 27 : ?

(A) 91 (B) 73
(C) 81 (D) 89

Ans. (C)

हल :– जिस प्रकार 23×3=69
उसी प्रकार 27×3=81

उदाहरण – 14 दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित संख्या को चुनिए ।

8 : 32 :: 6 : ?

(A) 31 (B) 22
(C) 18 (D) 21

Ans. (C)

हल :– जिस प्रकार $= 8^2 = 64$

$$64 \div 2 = 32$$

उसी प्रकार $= 6^2 = 36$

$$36 \div 2 = 18$$

उदाहरण – 15 :– दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प को ज्ञात कीजिए जो 10 : 13 :: 16 के समान हैं ।

(A) 8 : 10 : 15 (B) 13: 16 : 19
(C) 23: 29 : 23 (D) 10 : 16 : 23

Ans. (B)

हल :– जिस प्रकार

$$10 : 13 : : 16$$

+3 +3

उसी प्रकार

$$13 + 16 + 19$$

+3 +3

<u>उदाहरण हल सहित</u>

(1) जिस प्रकार सैनिक का सम्बन्ध सेना से है, उसी प्रकार खिलाडी का सम्बन्ध किससे है ?

(A) खेल (B) कप्तान
(C) टीम (D) खेलकूद

Ans. (C)

हल :– जिस प्रकार, सैनिक सेना का एक भाग होता है, उसी प्रकार, खिलाडी, टीम का एक भाग होता हैं।

(2) रक्त जैसे शिरा से सम्बन्धित है वैसे ही तेल किससे सम्बन्धित हैं ?

(A) कार (B) पाइपलाइन
(C) इंजन (D) पेट्रोल

Ans. (B)

हल :– जिस प्रकार, रक्त शिरा में बहता है, उसी प्रकार तेल, पाइपलाइन में बहता है ।

(3) जिस प्रकार लाल का सम्बन्ध रूकना से है, उसी प्रकार हरा का सम्बन्ध किससे है ?

(A) पेन्ट (B) रंग
(C) चलना (D) दिया

Ans. (C)

हल :– जिस प्रकार लाल रंग का प्रयोग वाहन को रोकने के लिए किया जाता है, उसी प्रकार हरे रंग का प्रयोग वाहन के चलाने या जाने के लिए किया जाता हैं

(4) दिवस का रात्रि से वही सम्बन्ध है जो गोधूलिवेला का .........से है ।

(A) प्रातः काल (B) ऊषाकाल
(C) मध्याह (D) सांयकाल

Ans. (B)

हल :- जिस प्रकार दिवस का विलोम रात्रि होता है, उसी प्रकार, गोधूलिवेला का विलोम ऊषाकाल होता है ।

(5) जिस प्रकार महासागर का सम्बन्ध तालाब से है, उसी प्रकार किलोमीटर का सम्बन्ध किससे है ?

(A) मीटर (B) मिलीमीटर
(C) सेन्टीमीटर (D) डेसीमीटर

Ans. (B)

हल :- जिस प्रकार जल का सबसे बडा संचित स्त्रोत महासागर है, जबकि सबसे छोटा स्त्रोत तालाब है, उसी प्रकार किलोमीटर का सबसे छोटा स्त्रोत मिलीमीटर होगा

निम्नलिखित प्रश्नों मे सही विकल्प का चयन कीजिए ।

(6) चौडा : संकीर्ण :: पैना : ?

(A) धारहीन (B) नुकीला
(C) चाकू (D) खुरदरा

Ans. (A)

हल :- जिस प्रकार, चौडा का विपरीत संकीर्ण है उसी प्रकार, पैना का विपरीत धारहीन है ।

(7) प्रतिरोध : ओम :: विद्युतधारा : ?

(A) कैंसडे (B) एम्पियर
(C) रेडियन (D) वोल्ट

Ans. (B)

हल :- जिस प्रकार प्रतिरोध का मात्रक ओम है, ठीक उसी प्रकार, विद्युतधारा का मात्रक एम्पियर है ।

(8) लखनऊ : उत्तर प्रदेश :: राँची : ?

(A) झारखण्ड (B) ओडिशा
(C) उत्तराखण्ड (D) छतीसगढ

Ans. (A)

हल :- जिस प्रकार, लखनऊ, उत्तरप्रदेश राज्य की राजधानी है, उसी प्रकार, राँची, झारखण्ड राज्य की राजधानी है ।

(9) बर्फ : ठण्डक :: पृथ्वी : ?

(A) वजन (B) जंगल
(C) गुरूत्वाकर्षण (D) समुद्र

Ans. (C)

हल :- जिस प्रकार, बर्फ में ठण्डक होती है, उसी प्रकार पृथ्वी में गुरूत्वाकर्षण होता है ।

(10) रेशमकीट : रेशम :: नाग : ?

(A) विषहर (B) विष
(C) मृत्यु (D) मरन

Ans. (B)

हल : – जिस प्रकार, रेशमकीट से रेशम प्राप्त किया जाता है, उसी प्रकार, नाग से विष प्राप्त किया जाता है

(11) शरीर : कंकाल :: ? व्याकरण

(A) भाषा (B) अर्थ
(C) विद्यालय (D) शिक्षक

Ans. (A)

हल :- जिस प्रकार, शरीर का मुख्य आधार कंकाल है, उसी प्रकार भाषा का मुख्य आधार व्याकरण है ।

(12) मैराथन : दौड :: शीतनिद्रा : ?

(A) सर्दी (B) भालु
(C) स्वप्न (D) निद्रा

Ans. (D)

हल :- जिस प्रकार, मैराथन एक प्रकार की दौड है, उसी प्रकार, शीतनिद्रा एक प्रकार की निद्रा है ।

(13) पुरूष : जीवनी :: राष्ट्र : ?

(A) भूगोल (B) इतिहास
(C) नेता (D) जनता

Ans. (B)

हल :- जिस प्रकार, किसी पुरूष के जीवन की कहानी, जीवनी होती है, उसी प्रकार, किसी राष्ट्र की कहानी, इतिहास होती है ।

निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से वह युग्म चुनें जो पहले युग्म के शब्दों की भाँति आपस में सम्बन्धित हो ।

(14) तीर : धनुष :: ?

(A) फुटबॉल : हाथ
(B) सलाद : चाकू
(C) गोली : बंदुक
(D) धुआँ : पानी
Ans. (C)

हल :- जिस प्रकार तीर चलाने के लिए धनुष का प्रयोग किया जाता है उसी प्रकार गोली चलाने के लिए बंदुक का प्रयोग किया जाता हैं ।

(15) बुकर पुरस्कार : साहित्य :: ?

(A) ग्रेमी पुरस्कार : पत्रकारिता
(B) पुलित्जर पुरस्कार : पत्रकारिता
(C) ग्लोबल पुरस्कार : फिल्म
(D) ऑस्कर पुरस्कार
Ans. (B)

हल :- जिस प्रकार बुकर पुरस्कार साहित्य से सम्बन्धित है, उसी प्रकार, पुलित्जर पुरस्कार, पत्रकारिता के क्षेत्र में दिया जाता हैं ।

(16) जिस प्रकार ERID सम्बन्धित है DIRE से, उसी प्रकार RIPE सम्बन्धित है ............से ।

(A) EPIR (B) REPI
(C) EPRI (D) PEIR
Ans. (A)

हल :- अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा गया है

RIPE = EPIR

(17) जिस प्रकार DRIVE का सम्बन्ध ESJWF से है, उसी प्रकार FIGHT का सम्बन्ध किससे है ?

(A) EHFGS (B) GJHIU
(C) GJFHU (D) EJFGU

Ans. (B)

हल :-
जिस प्रकार




उसी प्रकार




(18) जिस प्रकार WT का सम्बन्ध QN से है, उसी प्रकार FC का सम्बन्ध किससे है ?
(A) KH (B) MJ
(C) GJ (D) ZW
Ans. (D)

हल :-

जिस प्रकार




उसी प्रकार




(19) ROUGH का UHROG से सम्बन्ध है और PLUCK का UKPLC से सम्बन्ध है तो ANCHOR का सम्बन्ध ...........से हैं ।

Toppersnotes
Unleash the topper in you

(A) NHRACO (B) HORANC
(C) ACONHR
(D) निर्धारित नहीं किया जा सकता
Ans. (D)

हल :- निर्धारित नही किया जा सकता क्योंकि इसमें छः अक्षर हैं ।

(20) EK : MS :: AG : ?

(A) IM (B) IJ
(C) IO (D) JP
Ans. (C)

हल :-

जिस प्रकार उसी प्रकार




(21) NEUROTIC:TICRONEU::PSYCHOTIC:?

(A) TICCOHPSY
(B) TICOCHPSY
(C) TICCHOPSY
(D) TICHCOPSY
Ans. (C)

हल :- जिस प्रकार




उसी प्रकार




(22) AZBY : CXDW :: EVFU : ?

(A) GHTS (B) TGBH
(C) GTHS (D) GSTH
Ans. (C)

हल :- जिस प्रकार




उसी प्रकार




(23) BOTTLE : CQWXQK :: FILLED : ?

(A) GKOPJJ (B) GKOPJK
(C) GKPOJJ (D) GHOPJJ
Ans. (A)

हल :- जिस प्रकार




उसी प्रकार




(24) Cricket : Pitch :: Skating : ?

(A) Rink (B) Ground
(C) Cowet (D) Ring

Ans. (A)

हल :- जिस प्रकार, Cricket, pitch पर खेला जाता है। उसी प्रकार, Skating, Rink में की जाती है।

(25) Oxygen : Burn :: Carbon dioxide : ?

(A) Isolate (B) Foam
(C) Extinguishe (D) Explode

Ans. (C)

हल :- जिस प्रकार, Oxygen, Burn मे सहायक है। उसी प्रकार, Carbon dioxide, Extinguish में सहायक है।

(26) 17 : 24 :: 153 : ?

(A) 213 (B) 216
(C) 144 (D) 122

Ans. (B)

हल :- जिस प्रकार , 17X9=153
उसी प्रकार, 24X9 = 216

(27) 64 : 513 :: 144 : ?

(A) 1727 (B) 1729
(C) 1728 (D) 1730

Ans. (B)

हल :- प्रथम युग्म

$$8^2 = 64$$

$$8^3 + 1 = 512 + 1 = 513$$

इसी प्रकार

$$(12)^2 = 144$$

$$12^3 + 1 = 1728 + 1 = 1729$$

(28) 63 : 36 :: ? : ?

(A) 94:49 (B) 35:54
(C) 47:72 (D) 73:39

Ans. (A)

हल :- जिस प्रकार




उसी प्रकार




निम्न प्रश्नों से उस संख्या समुच्चय को चुनिए, जो प्रश्न में दिए गए संख्या समुच्चय से अधिकतम मेल खाता है।

Toppersnotes Unleash the topper in you

(29) (12,20,28)

(A) (3,15,18)
(B) (18,27,72)
(C) (18,30,42)
(D) (7,14,28)

Ans. (C)

हल :- जिस प्रकार




उसी प्रकार




(30) (1050,210,42)

(A) 95,19,3 (B) 60,12,2
(C) 125,25,6 (D) 75,15,3

Ans. (D)

हल :-

$1050, (1050 \div 5), (1050 \div 25) = 1050{,}210{,}42$

Ans. (D)

हल :- $1050, (1050 \div 5); (1050 \div 25) = 1050{,}210{,}42$

उसी प्रकार

$75, (75 \div 5), (75 \div 25) = 75{,}15{,}3$

Toppersnotes Unleash the topper in you

# वर्गीकरण (Classification)

किसी अक्षर-समूह, शब्द एवं संख्या को उनके सामान्य गुण, धर्म, आकार-प्रकार, रंग, रूप, लक्षण एवं अन्य गुणों के आधार पर किसी समूह में वर्गीकृत करने की प्रक्रिया को वर्गीकरण कहते है ।

उदाहरण 1 -
निम्न शब्द का चयन कीजिए ।
(A) सेब (B) अंगूर
(C) केला (D) आलू

Ans. (D)

हल - सेब, अंगूर, केला फल हैं और आलू एक सब्जी है । अतः आलू समूह से भिन्न है ।

उदाहरण 2 -
भिन्न शब्द का चयन कीजिए ।
(A) टी. वी. (B) साइकिल
(C) फ्रिज (D) वाशिंग मशीन

Ans. (B)

हल - साइकिल को छोडकर अन्य सभी घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हैं । अतः साइकिल समूह से भिन्न है ।

<u>प्रश्नों के प्रकार</u>

<u>प्रकार 1 भिन्न शब्द चुनना</u> - इस प्रकार के प्रश्नों में विकल्प के रूप में कुछ शब्द दिए गए होते हैं, जिनमें से एक को छोडकर अन्य सभी शब्द एक समूह, वर्ग या जाति के होते हैं, जबकि बचा हुआ आखिरी शब्द दूसरे अर्थात् भिन्न समूह, जाति या वर्ग का होता हैं।

शब्दों की कुछ प्रमुख समानताएं निम्नवत है -
(1) अर्थ की समानता
(2) कार्यात्मक समानता
(3) संरचनात्मक समानता
(4) संख्यात्मक समानता
(5) स्थान की समानता
(6) पद की समानता
(7) विशेष दोनों के संबंधों की समानता
(8) तकनीकी समानता

उदाहरण 3 -
दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द को चुनिए?
(A) बस (B) कार
(C) ट्रक (D) हवाई जहाज

Ans. (D)

हल - हवाई जहाज के अतिरिक्त अन्य सभी सडक पर चलने वाले वाहन हैं, जबकि हवाई जहाज हवा में उडता है ।

उदाहरण 4 -
भिन्न शब्द को चुनिए ?
(A) सी वी रमन
(B) सुभाष चन्द्र बोस
(C) महात्मा गांधी
(D) भगत सिंह

Ans. (A)

हल - दिए गए व्यक्तियों में से सी वी रमन एक वैज्ञानिक थे, जबकि सुभाष चन्द्र बोस, महात्मा गांधी तथा भगत सिंह भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे

उदाहरण 5 -
निम्नलिखित में कौन-सा विषम राज्य है ?
(A) छत्तीसगढ (B) उत्तराखण्ड
(C) झारखण्ड (D) तेलंगाना

Ans. (D)

हल - तेलंगाना एक तटीय राज्य है जबकि अन्य सभी भू-बद्ध राज्य है ।

उदाहरण 6 -
भिन्न विकल्प का पता लगाइए ?
(A) सुनना (B) चढना
(C) तैरना (D) दौडना

Ans. (A)

हल - सुनना के अतिरिक्त अन्य सभी शारीरिक क्रिया कलाप द्वारा होते है ।

<u>प्रकार 2 - भिन्न शब्द युग्म चुनना</u> - इस प्रकार के प्रश्नों में शब्दों के चार/पांच युग्म दिए गए होते हैं, जिनमें से तीन/चार शब्द किसी प्रकार से एकसमान होते है और इस प्रकार से ये अपने एक समूह का निर्माण करते है जबकि शेष एक युग्म अन्य से भिन्न होता है ।

उदाहरण - 7
भिन्न शब्द युग्म को चुनिए ?
(A) ऑक्सीजन-गैस
(B) धातु-प्लेटिनम
(C) तरल - जल
(D) ठोस - लोहा

Ans. (A)

Toppersnotes Unleash the topper in you

हल – विकल्प (A) के अतिरिक्त, अन्य सभी विकल्पों में पहला शब्द, दूसरे शब्द की अवस्था को निरूपित करता है ।

उदाहरण – 8

भिन्न शब्द युग्म को चुनिए ?

(A) जूता – चमडा

(B) लोहा – कुल्हाडी

(C) मेज – लकडी

(D) ज्वैलरी – सोना

Ans. (B)

हल – लोहा–कुल्हाडी के अतिरिक्त अन्य सभी युग्मों में पहली वस्तु को बनाने के लिए दूसरी वस्तु की आवश्यकता होती है ।

<u>भिन्न शब्द समूह चुनना</u> –

उदाहरण – 9

भिन्न शब्द समूह को चुनिए ?

(A) सूर्य, चन्द्रमा, पृथ्वी

(B) पृथ्वी, चन्द्रमा, मंगल

(C) सूर्य, तारा, चन्द्रमा

(D) मंगल, बुध, बृहस्पति

Ans. (D)

हल – विकल्प (D) से मंगल, बुध, बृहस्पति – ये तीनों ही ग्रह है ।

<u>प्रकार 3 – भिन्न अंग्रेजी अक्षर/अक्षर–समूह चुनना</u> –

इस प्रकार के प्रश्नों में अक्षर या अक्षर–समूह या शब्द दिए होते है, जिनमें से एक को छोडकर अन्य सभी किसी प्रकार से समान होते है ।

(i) <u>एक अक्षर वर्गीकरण</u> –

उदाहरण – 10

भिन्न अक्षर को चुनिए ?

(A) A (B) B

(C) C (D) D

Ans. (A)

हल – A को छोडकर अन्य सभी व्यंजन अक्षर है ।

उदाहरण – 11

भिन्न अक्षर को चुनिए ?

(A) B (B) L

(C) Q (D) Z

Ans. (C)

हल – Q को छोडकर अन्य सभी अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला में बाईं ओर से सम स्थान पर आते है ।

2 12 26 17
B ; L ; Z ; Q

(ii) <u>दो अक्षर वर्गीकरण</u>

उदाहरण – 12

दिए गए विकल्पों में से विषम अक्षरों को चुनिए ?

(A) FE (B) NM

(C) DC (D) QR

Ans. (D)

हल –

6 5 ; 14 13 ; 4 3 ; 17 18
F E ; N M ; D C ; Q R
−1 ; −1 ; −1 ; +1

स्पष्ट है कि QR के अतिरिक्त अन्य सभी में −1 हो रहा है ।

(iii) <u>तीन अक्षर वर्गीकरण</u> –

उदाहरण – 13

भिन्न अक्षर–समूह को चुनिए ?

(A) HJA (B) NPE

(C) OQU (D) XYZ

Ans. (D)

हल – XYZ अक्षर–समूह को छोडकर अन्य सभी अक्षर–समूहों में प्रथम दो अक्षरों के बीच में एक अक्षर का अन्तर है ।

(iv) <u>चार अक्षर का वर्गीकरण</u> –

उदाहरण – 14

भिन्न अक्षर–समूह को चुनिए ?

(A) ABDE (B) FGIJ

(C) KLMN (D) OPRS

Ans. (C)

हल – KLMN अक्षर–समूह को छोडकर अन्य सभी अक्षर–समूहों में पहले और तीसरे स्थान के अक्षरों के बीच में दो अक्षरों का अंतर है ।

उदाहरण – 15

दिए गए विकल्पों में से अक्षरों को चुनिए ?

(A) SPMJ (B) XURO

(C) NKHE (D) ZWSP

Ans. (D)




हल –

ZWSP अक्षर–समूह को छोडकर अन्य सभी अक्षर–समूहों में दूसरे और तीसरे स्थान के अक्षरों के बीच में दो अक्षरों का अन्तर है ।

(v) अक्षर युग्म/समूह के आधार पर वर्गीकरण –

उदाहरण – 16

निम्न अक्षर–समूहों को चुनिए ?

(A) M - O (B) P - R

(C) A - C (D) E - F

Ans. (D)

हल –




विकल्प (D) को छोडकर अन्य सभी में, दूसरा अक्षर, पहले अक्षर में 2 जोडने पर प्राप्त हो जाता है ।

उदाहरण – 17

दिए गए विकल्पों में से असंगत अक्षर युग्म का पता लगाएं ?

(A) AB : ZY (B) CD : XW

(C) GH : TS (D) EF : UV

Ans. (D)

हल –




दिए गये युग्मों में एक–दूसरे के विपरीत अक्षर दिए गए है, जबकि EF : UV में ऐसा नहीं है । अतः यह सबसे अलग है ।

प्रकार – 4 भिन्न संख्या/संख्या समूह चुनना –

इस प्रकार के प्रश्नों में अंकों या संख्याओं के कुछ समूह दिए गए होते है, जिनमें से उस एक अंक/संख्या को ज्ञात करना होता है, जो समूह में उपस्थित अन्य से समानता प्रकट नहीं करता है ।

उदाहरण – 18

भिन्न संख्या को चुनिए ?

(A) 1234 (B) 2345

(C) 3456 (D) 5778

Ans. (B)

हल – संख्या 2345 को छोडकर अन्य सभी संख्याएं, सम संख्याएं है ।

(i) भाज्य/अभाज्य संख्या की समानता के आधार पर वर्गीकरण –

- वे प्राकृतिक संख्याएं, जो 1 या स्वयं के अतिरिक्त दूसरी संख्याओं से भी विभाजित हो, उन्हें भाज्य संख्याएं कहते है, जैसे – 4, 6, 8, 9, 14, 15
- वे प्राकृतिक संख्याएं जो 1 से बडी हो तथा जो केवल 1 या स्वयं में विभाजित हो, उन्हें अभाज्य संख्याएं कहते है ।
  जैसे – 2, 3, 5, 7, 11, 13, 17, 19, 23 इत्यादि ।

उदाहरण – 19

निम्न में से कौन–सा अंक शेष से अलग है?

(A) 23 (B) 51

(C) 63 (D) 15

Ans. (A)

हल – अंक 23 सबसे अलग है, क्योंकि यह अभाज्य संख्या है ।

उदाहरण – 20

निम्न में से भिन्न संख्या चुनिए ?

(A) 61 (B) 51

(C) 97 (D) 89

Ans. (B)

हल – 51 के अतिरिक्त अन्य सभी अभाज्य संख्याएं है

(ii) वर्ग/घन संख्या की समानता के आधार पर वर्गीकरण –

उदाहरण – 21

भिन्न संख्या को चुनिए ?

(A) 25 (B) 50
(C) 100 (D) 10000

Ans. (B)

हल – संख्या 50 को छोडकर अन्य सभी संख्याएं, वर्ग संख्याएं है ।

(iii) संख्या की विभाज्यता तथा अविभाज्यता की समानता के आधार पर वर्गीकरण –

उदाहरण – 22

निम्न में से विषम संख्या को चुनिए ?

(A) 91 (B) 84
(C) 78 (D) 26

Ans. (B)

हल – 84 के अतिरिक्त अन्य सभी 13 से विभाजित है

(iv) संख्या के अंकों के योग की समानता के आधार पर वर्गीकरण –

उदाहरण – 23

विषम संख्या को चुनिए ?

(A) 6023 (B) 7202
(C) 4025 (D) 5061

Ans. (D)

हल – संख्या 5061 के अतिरिक्त अन्य सभी में अंकों का योग 11 है ।

(v) तीन संख्याओं के समूह के आधार पर वर्गीकरण –

उदाहरण – 24

दिए गए विकल्पों में से भिन्न संख्या-समूह को चुनिए?

(A) (5, 16, 22)
(B) (6, 19, 25)
(C) (4,13,17)
(D) (9,28,37)

Ans. (A)

हल – जिस प्रकार

6, 6 x 3 + 1 = 19 , 19 + 6 = 25
4, 4 x 3 + 1 = 13 , 13 + 4 = 17
9, 9 x 3 +1 = 28 , 28 + 9 = 37
लेकिन, 5, 5 x 3 + 1 , 16 + 5 = 21 ≠ 22
अतः विकल्प (A) भिन्न है ।

उदाहरण हल सहित

(प्र. सं. 1–15)

(1) दिए गए शब्दों में से एक शब्द के अतिरिक्त सभी शब्द किस प्रकार समान है । वह एक कौन-सा है, जो इस समूह में नहीं आता है ।

(A) गैंडा (B) शेर
(C) बाघ (D) भेडिया

Ans. (A)

हल – गैंडा को छोडकर अन्य सभी मांसाहारी जानवर है, जबकि गैंडा एक शाकाहारी जानवर है ।

(2) (A) एशिया (B) अण्टार्कटिका
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) थाईलैण्ड

Ans. (D)

हल– थाईलैण्ड को छोडकर अन्य सभी महाद्वीप है ।

(3) (A) सास (B) भतीजा
(C) पोता (D) परदादा

Ans. (A)

उदाहरण हल सहित

(प्र. सं. 1–15)

(1) दिए गए शब्दों में से एक शब्द के अतिरिक्त सभी शब्द किस प्रकार समान है । वह एक कौन-सा है, जो इस समूह में नहीं आता है ।

(A) गैंडा (B) शेर
(C) बाघ (D) भेडिया

Ans. (A)

हल – गैंडा को छोडकर अन्य सभी मांसाहारी जानवर है, जबकि गैंडा एक शाकाहारी जानवर है ।

(2) (A) एशिया (B) अण्टार्कटिका
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) थाईलैण्ड

Ans. (D)

हल– थाईलैण्ड को छोडकर अन्य सभी महाद्वीप है ।

(3) (A) सास (B) भतीजा
(C) पोता (D) परदादा

Ans. (D)

हल – सास के अतिरिक्त अन्य सभी से पुरूष जाति का बोध होता है, जबकि सास से स्त्री जाति का बोध होता है । अतः सास सबसे अलग है ।

(4) (A) आँख (B) नाक
(C) कान (D) प्रकोष्ठ

Ans. (D)

हल – प्रकोष्ठ के अतिरिक्त अन्य सभी शरीर के बाहरी अंग है ।

(5) (A) शिमला (B) ऊटी
(C) दार्जिलिंग (D) आगरा

Ans. (D)

हल – आगरा के अतिरिक्त अन्य सभी पहाडी क्षेत्रों में स्थित पर्यटन स्थल है ।

(6) (A) भूटान (B) बांग्लादेश
(C) चीन (D) पाकिस्तान

Ans. (C)

हल – चीन के अतिरिक्त अन्य सभी देश (SAARC) के सदस्य है ।

(7) (A) हरा (B) नारंगी
(C) गुलाबी (D) बैंगनी

Ans. (C)

हल – हरा, नारंगी और बैंगनी तीनों इन्द्रधनुष के रंग है जबकि गुलाबी रंग इन्द्रधनुष का हिस्सा नहीं है ।

(8) (A) जिम कार्बेट (B) रणथम्भौर
(C) बांधवगढ (D) तुंगभद्रा

Ans. (D)

हल – तुंगभद्रा एक नदी का नाम है, जबकि अन्य सभी राष्ट्रीय उद्यान है ।

(9) (A) मार्च (B) अप्रैल
(C) अगस्त (D) दिसम्बर

Ans. (B)

हल – अप्रैल को छोडकर अन्य सभी माह 31 के होते है ।

(10) (A) अरबी (B) सिन्धी
(C) हिन्दी (D) जर्मन

Ans. (D)

हल – जर्मन के अतिरिक्त अन्य सभी एशियाई भाषाएं है

(11) (A) सेब (B) आम
(C) नारंगी (D) बादाम

Ans. (D)

हल – सेब, आम तथा नारंगी रसदार फल है, जबकि बादाम एक सूखा फल है ।

(12) (A) मील (B) सेण्टीमीटर
(C) लीटर (D) गज

Ans. (C)

हल – लीटर को छोडकर अन्य सभी दूरी मापने की इकाई है ।

(13) (A) क्रिकेट (B) वॉलीबॉल
(C) शतरंज (D) टेबिल टेनिस

Ans. (C)

हल – शतरंज को छोडकर अन्य सभी शारीरिक है, जबकि शतरंज मानसिक खेल है ।

(14) (A) लहर (B) प्रवाह
(C) ज्वार-भाटा (D) तूफान

Ans. (D)

हल – तूफान को छोडकर अन्य सभी जल से सम्बन्धित है ।

(15) (A) गेहूँ (B) धान
(C) ज्वार (D) सैंमामी

Ans. (D)

हल – सैंमामी को छोडकर अन्य सभी अनाज है, जबकि सैंमामी तिलहन है ।

Toppersnotes Unleash the topper in you

Toppersnotes
Unleash the topper in you

# कोडिंग-डिकोडिंग (Coding-Decoding)

किसी अक्षर/शब्द/वाक्य को किसी सांकेतिक भाषा में लिखने की प्रक्रिया को संकेत बद्धता या कूटलेखन या कोडिंग कहते है तथा किसी सांकेतिक भाषा में लिखे अक्षर/शब्द/वाक्य को उसके मूल या वास्तविक अर्थ में परिवर्तित करने की प्रक्रिया को विसंकेतबद्धता या कूटवाचन या डिकोंडिग कहते है ।
सामान्यतः कूटलेखन अंग्रेजी वर्णमाला तथा उनकी संगत संख्याओं पर आधारित होता है ।

<u>प्रश्नों के प्रकार</u> –
<u>प्रकार 1 शब्द/अक्षर समूह का अक्षर समूह में कूटलेखन</u>
इस प्रकार के प्रश्नों में शब्दों या अक्षर समूह को अक्षरो/अक्षर समूह में स्थान परिवर्तन द्वारा विपरीत अक्षरों या वर्णमाला के अन्य अक्षरों द्वारा कूटलेखन किया जाता है ।

(1) <u>अक्षरों के स्थान परिवर्तन द्वारा कूटलेखन</u> –
इस प्रकार के प्रश्नों में अक्षरों का एक समूह दिया गया होता है, जिनके अक्षरों के क्रम को बदलकर कूट भाषा लिखी जाती है । इस प्रकार के कूटलेखन में मूलशब्द या वास्तविक शब्द तथा कूट भाषा के शब्दों के अक्षरों की संख्या तथा प्रकार में पूर्णतः समानता रहती है, परन्तु अक्षरों के स्थानों में परिवर्तन रहता है ।

(i) <u>जब शब्द के सभी अक्षरों को उल्टे या विपरीत क्रम में लिखा जाए</u>

<u>उदाहरण – 1</u>
यदि एक कूट भाषा में DEMOCRACY को YCARCOMED लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में PRESIDENT को किस प्रकार लिखा जाएगा ?
(A) EIETPRSDN
(B) NDSRPTEIE
(C) TNEDISERP
(D) RSDNPEIET
Ans. (C)

हल –
जिस प्रकार

D E M O C R A C Y ⟶ Y C A R C O M E D
1 2 3 4 5 6 7 8 9    9 8 7 6 5 4 3 2 1

उसी प्रकार

P R E S I D E N T ⟶ **T N E D I S E R P**
1 2 3 4 5 6 7 8 9    9 8 7 6 5 4 3 2 1

(ii) जब शब्द के अक्षरों को विभिन्न भागों में बांटकर या अलग-अलग रूप से क्रम परिवर्तित कर लिखा जाए

उदाहरण – 2
यदि किसी सांकेतिक भाषा में PUBLIC को LICPUB लिखा जाता है, तो उसी सांकेतिक भाषा में TROPHY को कैसे लिखा जाएगा ?
(A) PHYTRO    (B) PHTYRO
(C) PHYTOR    (D) ORTPHY
Ans. (A)

हल –
जिस प्रकार

P U B L I C ⟶ L I C P U B
1 2 3 4 5 6    4 5 6 1 2 3

उसी प्रकार

T R O P H Y ⟶ P H Y T R O
1 2 3 4 5 6    4 5 6 1 2 3

(iii) <u>जब शब्द के प्रत्येक अक्षर को एक निश्चित स्थान पर लिखा जाए ।</u>

उदाहरण – 3
यदि किसी सांकेतिक भाषा में RIGHT को GHRTI लिखा जाता है, तो उसी सांकेतिक भाषा में BIRTH को कैसे लिखा जाएगा ?
(A) TIRBH    (B) RITBH
(C) RTBIH    (D) RTBHI
Ans. (D)

हल –
जिस प्रकार

R I G H T ⟶ G H R T I
1 2 3 4 5    3 4 1 5 2

उसी प्रकार

B I R T H ⟶ **R T B H I**
1 2 3 4 5    3 4 1 5 2

(2) <u>अन्य अक्षरों के रूप में कूटलेखन</u> – इसके अन्तर्गत अक्षरों का एक समूह दिया गया होता है, जिसका कूटलेखन अथवा कूटवाचन अन्य अक्षरों के रूप में होता है ।

(i) <u>अग्रगामी क्रम पद्धति के</u> : अग्रगामी क्रम अन्तर्गत किसी अक्षर-समूह या शब्द के प्रत्येक अक्षर का